

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Since 2011

# 13 April 2022

# MARVELLOUS
## (A Result Oriented Institute)
An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 13 अप्रैल का इतिहास

- **1648 :** लाल किले का निर्माण पूरा हुआ।
- **1699 :** सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की।
- **1796 :** अमेरिका में पहला हाथी भारत से लाया गया।
- **1952 :** स्वतंत्र भारत की पहली संसद का सत्र शुरू हुआ।
- **1978 :** देश का पहला ध्वजवाहक जहाज आईएनएस दिल्ली सेवामुक्त हुआ था।
- **1849 :** हंगरी को गणराज्य बनाया गया।

## 13 अप्रैल से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय कैबिनेट ने सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल के वितरण की योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली और स्कूली बच्चों तथा आंगनबाडी लाभार्थियों के लिए पोषण सेवाओं जैसी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल बांटा जाएगा। इस योजना की लागत 2700 करोड़ रूपये है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। योजना को 2024 तक देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।
- चार्ल्स लेक्लर ने मेलबर्न विक्टोरिया में आयोजित फॉर्मूला वन 2022 ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री जीत लिया है। यह 2022 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का तीसरा दौर था। सर्जियो पेरेज दूसरे और जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे। वेरस्टैपेन दूसरे स्थान पर चले रहे थे जब उनकी कार 18 लैप रहते हुए खराब हो गई। रेड बुल के सर्जियो पेरेज ने मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल और लुईस हैमिल्टन से आगे रह कर दूसरे स्थान हासिल किया।
- आईटी प्रमुख इंफोसिस और प्रमुख औद्योगिक तकनीक कंपनी रोल्स-रॉयस ने बंगलुरू, कर्नाटक में अपना संयुक्त एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और डिजिटल नवाचार केंद्र खोला है। यह केंद्र भारत से रोल्स-रॉयस की इंजीनियरिंग और समूह व्यवसाय सेवाओं के लिए उन्नत डिजिटल क्षमताओं के साथ एकीकृत उच्च-स्तरीय आर एंड डी सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। इस सहयोग के हिस्से के रूप में इंफोसिस और रोल्स-रॉयस डिजिटल और इंजीनियरिंग नवाचार और संबंद्ध लागत अनुकुलन रणनीतियों को चलाने के अवसरों का पता लगाने के लिए अपनी एयरोस्पेस, इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवाओं की क्षमताओं को मिलाएंगे।
- तेरह वर्षीय रिया जादोन ने बड़ी बहन लावण्या जादोन के साथ करीबी लड़ाई के बाद, डीजीसी लेडीज ओपन एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप जीती। 78, 80 और 74 के स्कोर के साथ रिया ने जूनियर गर्ल्स ट्रॉफी भी जीती। इस साल के टूर्नामेंट में सौ से अधिक महिला गोल्फरों ने हिस्सा लिया, जो दो साल के अंतराल के बाद दिल्ली गोल्फ क्लब में फिर से शुरू हुआ।
- दक्षिण मध्य रेलवे ने अपने छह मंडलो के छह मुख्य स्टेशनों पर एक स्टेशन, एक उत्पाद अभियान शुरू किया है। एससीआर प्रभारी महाप्रबंधक अरूण कुमार जैन ने नई पहल के तहत सिकंदराबाद स्टेशन पर स्टॉल खोले है।
- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण लू चलने के कारण अप्रैल माह में रिकॉर्ड गर्मी पर पड़ रही है। शुरूआती 15 दिनों 42.4 डिग्री सेल्सियस के साथ दिन का रिकॉर्ड 5 साल में अप्रैल माह का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक 72 साल में यह पहली बार है जब दिल्ली में अप्रैल में इतना अधिक तापमान दर्ज किया गया है। गर्मी को देखते हुए IMD ने ऑरेंज जारी किया है। इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी में 21 अप्रैल 2017 को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।
- भारतीय प्रतिभूति औन विनिमय बोर्ड ने परिसंपत्ति प्रबंधन फर्मो में प्रायोजकों और ट्रस्टियों की जिम्मेदारियों, योग्यताओं और कार्यो को देखने के लिए दो विशेषज्ञ समूहों का गठन किया है। एक प्रायोजक, एक प्रमोटर के समान, एक एएमसी की स्थापना के लिए धन प्रदान करता है, जबकि एक ट्रस्टी पर्यवेक्षक के रूप में काय करता है और निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होता है। सेबी ने एक बयान में कहा कि नए खिलाड़ियों को अनुमति देने के लिए पात्रता मानकों का एक वैकल्पिक सेट विकसित किया जा सकता है जो अन्यथा ऐसा करने के लिए प्रायोजक के रूप में कार्य करने के लिए अयोग्य होंगे।
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने महिलाओं, कारीगरों और शिल्पकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें सही अवसर प्रदान करने के लिए अवसर पहल शुरू की है। अवसर का मतलब क्षेत्र के कुशल कारीगरों के लिए स्थान के रूप में हवाई अड्डा है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रूस को मानवाधिकार परिषद से निलंबित कर दिया है। यह निलंबन यूक्रेन में रूस द्वारा किये जा रहे कथित अत्याचारों के मद्देनजर वैश्विक प्रतिक्रिया के तौर पर सामने आया है। इसके साथ ही रूस इस अधिकार परिषद से सदस्यता अधिकार छीना जाने वाला दूसरा देश बन गया है। इससे पहले 2011 में उत्तर अफ्रीकी देश लीबिया को सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. जलियावाला बांग हत्याकांड कब हुआ था ?**

(A) 12 अप्रैल (B) 13 अप्रैल
(C) 14 अप्रैल (D) 15 अप्रैल

**(B)** जलियावाला बांग हत्याकांउ जिसे अमृतसर नरसंहार के रूप में भी जाना जाता है, 13 अप्रैल 1919 को हुआ था। इस साल आतंक की 103 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। 13 अप्रैल 1919 को कार्यवाहक ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड डायर ने ब्रिटिश भारतीय सेना की टुकड़ियों को पंजाब के अमृतसर में जलियावाला बाग में निहत्थे भारतीय नागरिकों की भीड़ पर अपनी राइफल दागने का आदेश दिया था।




**2. भारत का सबसे ऊंचा 24 मंजिल मेडिकल टावर कहाँ बनेगा ?**

(A) सवाई मानसिंह अस्पताल (जयपुर)
(B) फोर्टिस अस्पताल (कोलकाता)
(C) अखिल भारतीय आयुविज्ञान संस्थान (दिल्ली)
(D) क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (वेल्लोर)

**(A)** जयपुर (राजस्थान) के सवाई मानसिंह अस्पताल में भारत का सबसे ऊंचा 24 मंजिल IPD मेडिकल टावर बनाया जायेगा। इसका उद्धघाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया है। इस मेडिकल टावर का निर्माण जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। 116 मीटर ऊंचाई में बनने वाले IPD ब्लाक में सबसे ऊपर एक हैलीपेड बनाया जाएगा जहां से मरीजों को एयरलिफ्ट की सुविधा मिल सकेगी।\




**3. अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति में ई-साइकिलों को शामिल करने वाला पहला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश कौनसा है ?**

(A) दिल्ली (B) ओडिशा
(C) बिहार (D) हरियाणा

**(A)** दिल्ली सरकार ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत इलेक्ट्रिक साइकिल को शामिल किया ओर घोषणा की कि वह पहले 10,000 खरीदारों को प्रत्येक को 5,500 की सब्सिडी देगी। इसमें यात्री और कार्गो ई-साइकिल दोनों शामिल होंगे जिनकी गति 25 किमी/घंटा से कम होगी।



**4. हाल ही में दवाइयों की होम डिलीवरी करने वाली कंपनी PharmEasy ने किस अभिनेता को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है ?**

(A) पंकज त्रिपाठी (B) आमिर खान
(C) मनोज वाजपेयी (D) अजय देवगन

**(B)** हाल ही में दवाइयों की होम डिलीवरी करने वाली कंपनी PharmEasy ने आमिर खान अभिनेता को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। आमिर PharmEasy ब्रांड को कई तरह से प्रमोट करेंगे। 2022 में आईपीएल अभियान में आमिर खान अभिनीत टीवी विज्ञापन भी शामिल होंगे।



**5. किस राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए उद्यम क्रांति योजना को शुरू किया है ?**

(A) मध्य प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) हरियाणा (D) आंध्र प्रदेश

**(A)** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए उद्यम क्रांति योजना को शुरू किया है। इस योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए 1 लाख रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक का ऋण दिया जाएगा। उद्यम क्रांति योजना के तहत मध्यप्रदेश राज्य सरकार युवाओं को बैंक गारंटी और 3% ब्याज सब्सिडी भी देगी।



**6. संत नामदेव राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 किसे प्रदान किया जाएगा ?**

(A) सत्यपाल मलिक (B) मुकेश गौतम

(C) एएस दुलत (D) कुलदीप नय्यर

**(A)** उत्तर-पूर्व, कश्मीर, पंजाब और महाराष्ट्र के सीमावर्ती राज्यों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए मेघालय के राज्यपाल सत्य बाल महिलक को वर्ष 2021 और बूर्व IPS अधिकारी SS दुलत को वर्ष 2020 के लिए प्रतिष्ठित संत नामदेव राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




**7. महिलाओं और लड़कियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ को किसने शुरू किया है ?**

(A) गृह मंत्रालय (B) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

(C) नीति आयोग (D) राष्ट्रीय महिला आयोग

**(D)** राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं और लड़कियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ को शुरू किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मानव तस्करी के मामलों से प्रभावी तरीके से निपटने में सुधार करने महिलाओं एवं लड़कियों के बीच जागरूकता बढ़ाने, मानव-तस्करी रोधी इकाइयों के क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण में वृद्धि करने और कानून प्रवर्तन कराने वाली एजेंसियों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए एक मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया।




**8. अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए चुने जाने वाला पहला हिंदी भाषा का उपन्यास कौन बन गया है ?**

(A) जेम्स एंड जो (B) माई कोल्बान

(C) टॉम्ब ऑफ सैंड (D) इनमें से कोई नही

**(C)** अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के इतिहास में गीताजंलि श्री द्वारा लिखित उपन्यास टॉम्ब ऑफ सैंड अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए चुने जाने वाला पहला हिंदी भाषा का उपन्यास बन गया है। इस उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद डेजी रॉकवेल द्वारा किया गया है। टॉम्ब ऑफ सैंड पुस्तक दुनिया भर के पांच अन्य उपन्यासों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।




**9. केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा का हवाला देते हुए 4 पाकिस्तानी चैनलों सहित कितने यूट्यूब चैनल को प्रतिबंधित कर दिया है ?**

(A) 11 (B) 22

(C) 30 (D) 44

**(B)** अपने ऑफिशयल स्टेटमेंट में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि उसने 22 यूट्यूब चैनल, तीन ट्विटर अकाउंट, एक फेसबुक अकाउंट और एक न्यूज वेबसाइट को ब्लॉक करने का आदेश जारी किया। इन चैनलों को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में ब्लॉक किया गया है।




**10. भारत शिक्षा शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की है ?**

(A) धर्मेंद्र प्रधान (B) नरेंद्र मोदी

(C) गिरिराज सिंह (D) भूपेंद्र यादव

**(A)** केंद्रीय शिक्षा ओर कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत शिक्षा शिखर सम्मेलन 2022 की अध्यक्षता की है। यह शिखर सम्मेलन गूगल और इंडियन एक्सप्रेस द्वारा आयोजित एक संवाद मंच है। भारत शिक्षा शिखर सम्मेलन 2022 में सरकारी शिक्षा में प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्य, व्यक्तिगत शिक्षा और बच्चों को सुरक्षित रखने पर चर्चा की गई है।



# MARVELLOUS
## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES
### (A RESULT ORIENTED INSTITUTE )

Since 2011

MPPSC की तैयारी
के लिए VIPIN
सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore
CONTACT :- 9981983777, 8817983777